AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

बीटेक, एमटेक और एमसीए की परीक्षाएं 17 जनवरी से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर अपलोड किया विस्तृत कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत मंगलवार को बीटेक, पार्टटाइम एमटेक, एमसीए और बीफार्मा कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

परीक्षा विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम में बीटेक पहले सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 27 जनवरी तक, तीसरे सेमेस्टर की 13 से 24 जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की 26 दिसंबर से 9 जनवरी तक और सातवें सेमेस्टर की परीक्षा 24 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच होंगी। पार्टटाइम एमटेक में पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 23 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 18 जनवरी के बीच कराई जाएंगी।

वहीं बीफार्मा पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से 27 जनवरी के बीच, तीसरे सेमेस्टर की 13 से 20 जनवरी के बीच, पांचवें सेमेस्टर की 26 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच और सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से 6 जनवरी तक होंगी।

एमसीए के परीक्षा कार्यक्रम में पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी तक और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक कराया जाना प्रस्तावित हैं। परीक्षा कार्यक्रम से संबंधित किसी भी समस्या के लिए विद्यार्थी, परीक्षा विभाग से संपर्क कर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

बीफार्मा की परीक्षाएं 21 जनवरी से

पहली बार हो रही स्नातक चौथे वर्ष की परीक्षा के लिए अगले सप्ताह जारी होंगी तिथियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) लागू होने के बाद विद्यार्थी पहली बार स्नातक चौथे वर्ष की परीक्षा में शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से सभी संकायों के डीन को पत्र भेजकर विभागाध्यक्षों के माध्यम से परीक्षा कार्यक्रम देने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा कार्यक्रम अगले सप्ताह तक जारी कर दिया जाएगा। लखनऊ विवि में सत्र 2020-21 से नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई थी। लविवि राज्य का एक मात्र शिक्षण संस्थान है जहां पहली बार चार वर्षीय कोर्स की पढ़ाई शुरू हुई है। साथ ही विवि में एक वर्षीय परास्नातक कोर्स के अध्यादेश को भी स्वीकृति मिल गई है। इसमें चार वर्षीय स्नातक पूरा करने वाले विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। चार वर्षीय स्नातक कोर्स में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक नहीं है। इसलिए इनके लिए अलग से परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। आगामी वर्षों में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने पर इस पर विचार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, चार वर्षीय स्नातक कोर्स में केवल विवि के छात्र-छात्राओं ने ही प्रवेश लिया था। संबद्ध कॉलेजों में दाखिले नहीं हुए थे। (संवाद)

परीक्षा विभाग ने सभी डीन को पत्र भेजकर मांगा कार्यक्रम

परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बीती

लविवि में विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि मंगलवार को समाप्त हो गई। विवि ने नवंबर में परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया की शुरूआत की थी। तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 दिसबंर और पहले सेमेस्टर के लिए यह 10 दिसंबर थी। हालांकि बाद में तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को मौका देते हुए यह तिथि 10 दिसंबर कर दी गई थी। लविवि में 17 दिसंबर से स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस संबंध में ज्यादातर विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया जा चुका है।

78 भारतीय संस्थानों में लविवि को 59वां स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग-2025 में स्थान हासिल करने में सफलता पाई है। विवि ने अपने पहले ही प्रयास में यह कामयाबी पाई है। इस रैंकिंग में 78 भारतीय संस्थानों में लविवि को 59वां स्थान प्राप्त हुआ है। एशिया स्तर पर 661 संस्थानों में से 545वां और दुनिया में 1501+ रैंक बैंड में स्थान प्राप्त किया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग विश्वविद्यालयों का उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन करती है। इसमें सस्टेनेबिलिटी (निरंतरता) अनुसंधान, शिक्षण, संचालन और साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह रैंकिंग ऐसे संकेतकों पर आधारित होती हैं जो किसी संस्थान की दुनिया की सबसे बड़ी पर्यावरणीय, सामाजिक और शासकीय चुनौतियों से निपटने की क्षमता को मापने के लिए डिजाइन किए गए हैं। कुलपति प्रो. आलोक राय ने रैंकिंग में शामिल होने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

AMRIT VICHAR PAGE 4

इंजीनियरिंग परीक्षा का कार्यक्रम जारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग और तकनीक संकाय के एमसीए रेगुलर और बैक के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक चलेगी। फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी के बीच आयोजित की जाएंगी। बीटेक सेमेस्टर साल रेगुलर और बैक की परीक्षाएं 24 दिसंबर से 8 जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की 26 दिसंबर से 9 जनवरी और बीटेक तीसरे सेमेस्टर एनईपी के अंतर्गत 13 से 24 जनवरी तक आयोजित की गई हैं। बीटेक थर्ड सेमेस्टर पुराने कोर्स की परीक्षाएं 13 से 24 जनवरी तक आयोजित की गई हैं। इसी प्रकार बीफार्मा सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित की गई है। बीफार्मा पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से 9 जनवरी तक आयोजित की गई हैं।

i-NEXT PAGE 6

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए के सेमेस्टर एग्जाम 24 से

LUCKNOW (10 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बी.टेक, बी.फार्मा, एम.सी.ए विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया. यह परीक्षाएं 24 दिसंबर से शुरू होंगी. वहीं, पार्ट टाइम एम.टेक की परीक्षाओं की शुरुआत 13 जनवरी से होगी. विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से अपलोड किया जा सकता है.

CONCEPT PIC

एग्जाम कब से कब तक

- **बी.टेक** : सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से आठ जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से नौ जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 24 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 17 से 27 जनवरी तक.
- **बीफार्मा** : सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से छह जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की 26 दिसंबर से नौ जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 13 से 20 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 21 से 27 जनवरी.
- **एमसीए** : तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से आठ जनवरी, पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी तक.
- **एम.टेक (पार्ट टाइम)** : प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 18 जनवरी और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 23 जनवरी तक.

हॉस्टल आवंटन के लिए आवेदन का मौका

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने हास्टल आवंटन के लिए आवेदन से छूट जाने वाले दिव्यांग छात्रों को एक मौका दिया है. ऐसे नव प्रवेशित या पूर्व आवासित (अंतःवासी) दिव्यांग छात्र जिन्हें आवेदन के बाद भी हास्टल आवंटन नहीं हुआ है या जिनके प्रवेश देर से हुए हैं. वे 11 दिसंबर तक आफलाइन आवेदन फार्म भर अभिलेखों संग पुरुष छात्रावास कार्यालय में जमा कर दें. हास्टल के चीफ प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव ने इसकी सूचना जारी की है.

बीएमएस के एडमिट कार्ड जारी, 14 से एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बीएलएमएस प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं. छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं. इस पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 14 दिसंबर से शुरू होकर चार जनवरी तक संचालित होंगी. इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा. एलयू ने एलएलबी के बाद अब एलएलएम प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. किए गए बदलाव के अनुसार 13 जनवरी को होने वाला एनवायरमेंटल स्टडीज का पेपर अब 16 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा.

एलयू के नाम एक और बड़ी उपलब्धि

क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में एलयू को 1501 रैंक बैंड में मिला स्थान

LUCKNOW (10 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने पहले ही प्रयास में क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में स्थान पाने में सफलता हासिल की है. एलयू को दुनिया में 1501 प्लस रैंक बैंड में स्थान मिला. वहीं, 78 भारतीय संस्थानों में 59वां, एशिया में 661 संस्थानों में से 545वां स्थान प्राप्त किया. यह पहली बार था जब एलयू ने इस रैंकिंग के लिए आवेदन किया था.

एलयू को दी गई मान्यता

एलयू को पहली बार क्यूएस स्टेनेबिलिटी रैंकिंग में स्थान दिए के लिए परिसर में ग्रीन कैंपस पहल के तहत ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, जल संरक्षण उपायों, और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों, ग्रीन ऑडिट आदि जैसे पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का कार्यान्वयन, अनुसंधान और नवाचार, सामुदायिक जुड़ाव और सस्टेनेबिलिटी के लिए शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता आदि का मूल्यांकन किया गया.

रैंकिंग के मायने

क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग विश्वविद्यालयों का उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन करती है, जिसमें सस्टेनेबिलिटी अनुसंधान, शिक्षण, संचालन और साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है.

"यह मान्यता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है. यह हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रमाण है, जो सस्टेनेबिलिटी को हमारे संस्थागत लोकाचार का मुख्य केंद्र बनाते हैं.
- प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, एलयू

HINDUSTAN PAGE 7

विषम सेमेस्टर के तहत कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया

एलयू में 24 दिसंबर से होंगी बीटेक बीफार्मा और एमसीए की परीक्षाएं

मिशन एग्जाम

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमसीए व एमटेक शामिल हैं। जिसका शेड्यूल विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि बीटेक एनईपी रेगुलर व बैक पेपर के सप्तम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से आठ जनवरी, पंचम की 26 दिसंबर से नौ जनवरी, तृतीय की 13 से 24 जनवरी और प्रथम सेमेस्टर की 17 से 27 जनवरी तक होगी। इसी तरह बीफार्मा सप्तम सेमेस्टर की परीक्षा 24 दिसंबर से छह जनवरी, पंचम की 26 से नौ जनवरी, तृतीय की 13 से 20 जनवरी और प्रथम सेमेस्टर की 21 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। जबकि एमसीए तृतीय सेमेस्टर की 24 दिसंबर से आठ जनवरी और प्रथम की 17 जनवरी से 27 जनवरी तक कराई जाएंगी।

17 जनवरी से होगी एमसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि एलयू से सम्बद्ध 553 कॉलेजों के लिए 251 केंद्रों की सूची जारी की है। यदि कोई सुझाव देना है तो 12 दिसंबर शाम पांच बजे तक भेज दें।

एमटेक परीक्षाएं 13 से

एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पॉवर सिस्टम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 18 जनवरी तक होंगी।

एलयू को मिला क्यूएस रैंकिंग में 59वां स्थान

लखनऊ। क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में लखनऊ विश्वविद्यालय को देश के 78 भारतीय संस्थानों में 59वां स्थान हासिल हुआ है। जबकि एशिया में 661 संस्थानों में 545वां और दुनिया में 1501+ रैंक बैंड में स्थान मिला।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस रैंकिंग के लिए पहली बार आवेदन किया था। क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग विश्वविद्यालयों का पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव पर मूल्यांकन करती है जिसमें अनुसंधान, शिक्षण, संचालन और साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

श्रीलंका में मैं देर रात घर से बाहर नहीं निकल सकती..

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मैं देर रात को बाहर नहीं निकल सकतीं, जिससे यह उजागर होता है कि मेरा देश महिलाओं के लिए काफी असुरक्षित है। यह कहना है श्रीलंका की छात्रा थिलिनी यापा का, जो मीडिया क्षेत्र में काम करती रही हैं, वह लैंगिक समानता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। वह बताती हैं कि वह दफ्तर से देर रात को घर लौटती थीं लेकिन सुरक्षित महसूस नहीं करती। विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय छात्रा श्रीलंका की थस्मिनी ने कहा कि उनके घर में उन्हें अपने पिता और भाई से अनुमति लेनी पड़ती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल ने 16 दिनों के सक्रियता अभियान का समापन किया। बीरबल साहिनी हॉल में अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं के साथ समावेश की ओर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। जिसमें ताजिकिस्तान की एक अन्य छात्रा इंतिज़ोर सुल्तानननोरोवा ने लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके देश में उन्हें लगता है कि बड़े पैमाने पर पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाता है। लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने पर नागरिक समाज संगठन प्रवाह द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इंटरैक्टिव सत्र का समन्वयन बीरबल साहनी हॉल की प्रोवोस्ट डॉ. मनीषा शुक्ला और सहायक प्रोवोस्ट डॉ. तनुका चटर्जी ने किया और नुक्कड़ नाटक का समन्वयन विधि संकाय की डॉ. सोनाली रॉय ने किया।

JAGRAN CITY PAGE III

बीटेक, बीफार्मा और एमसीए की सेमेस्टर परीक्षाएं 24 से

विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम पार्ट टाइम एम.टेक की परीक्षाओं की शुरुआत 13 जनवरी से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बी.टेक, बी.फार्मा, एम.सी.ए विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। यह परीक्षाएं 24 दिसंबर से शुरू होंगी। वहीं, पार्ट टाइम एम.टेक की परीक्षाओं की शुरुआत 13 जनवरी से होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से अपलोड किया जा सकता है।

परीक्षाएं कब से कब तक

बीटेक : सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से आठ जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से नौ जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 24 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 17 से 27 जनवरी तक।

बीफार्मा : सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से छह जनवरी, पांचवें सेमेस्टर की 26 दिसंबर से नौ जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 13 से 20 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 21 से 27 जनवरी।

एमसीए : तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से आठ जनवरी, पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी तक।

दीयूएमएस के प्रवेश पत्र जारी, 14 दिसंबर से परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लविवि ने बीएलएमएस प्रोफेशनल कोर्सों की परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षाएं 14 दिसंबर से चार जनवरी तक होंगी।

पेपर की तिथि बदली : लविवि ने एलएलबी के बाद अब एलएलएम प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। किए गए बदलाव के अनुसार 13 जनवरी को होने वाला एनवायरमेंटल स्टडीज का पेपर अब 16 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा।

हास्टल के लिए आवेदन का मौका : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने हास्टल आवंटन के लिए आवेदन से छूट जाने वाले दिव्यांग छात्रों को एक मौका दिया है। ऐसे नव प्रवेशित या पूर्व आवासित (अंत वासी) दिव्यांग छात्र जिन्हें आवेदन के बाद भी हास्टल आवंटन नहीं हुआ है या जिनके प्रवेश देर से हुए हैं। वे 11 दिसंबर तक फार्म भर अभिलेखों संग पुरुष छात्रावास कार्यालय में जमा कर दें।

लविः परीक्षा केंद्रों की सूची जारी, कल तक मांगे सुझाव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर माध्यमिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए मंगलवार देर शाम को केंद्रों की प्रस्तावित सूची वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी कर दी। इसमें लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी जिले को मिलाकर कुल 251 कालेजों को केंद्र प्रस्तावित दिखाया गया है। इन केंद्रों की सूची पर 12 दिसंबर को शाम पांच बजे तक परीक्षा नियंत्रक की ई-मेल coe@lkouniv.ac.in अथवा वाट्सअप नंबर 7991200506 पर सुझाव दिए जा सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में सूची व निजी वेबसाइट पर जारी किए हैं। प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 22 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। लविः इन केंद्रों की निगरानी सीसी कैमरे से करेगा।

एमटेक (पार्ट टाइम) : प्रथम जनवरी और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 18 परीक्षाएं 17 से 23 जनवरी तक।

क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में लविः को 1501 रैंक बैंड में मिला स्थान

जासं • लखनऊ : लविः ने अपने पहले ही प्रयास में क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। लविः को दुनिया में 1501 प्लस रैंक बैंड में स्थान मिला। वहीं, 78 भारतीय संस्थानों में 59वां, एशिया में 661 संस्थानों में से 545वां स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार था जब लविः ने इस रैंकिंग के लिए आवेदन किया था।

क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग विश्वविद्यालयों का उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन करती है, जिसमें सस्टेनेबिलिटी अनुसंधान, शिक्षण, संचालन और साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

"यह मान्यता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। यह हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रमाण है, जो सस्टेनेबिलिटी को हमारे संस्थागत लोकाचार का मुख्य केंद्र बनाते हैं।
-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लविः

(रैंकों के वर्ग को रैंक बैंड कहा जाता है)

लविः को इसके लिए दी गई मान्यता : लविः को पहली बार क्यूएस स्टेनेबिलिटी रैंकिंग में स्थान दिए के लिए परिसर में ग्रीन कैंपस पहल के तहत ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, जल संरक्षण उपायों, और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों, ग्रीन ऑडिट आदि जैसे पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का कार्यान्वयन, अनुसंधान और नवाचार, सामुदायिक जुड़ाव और सस्टेनेबिलिटी के लिए शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता आदि का मूल्यांकन किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

मानवाधिकारों की सुरक्षा पर व्याख्यान

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र के तत्वावधान में न्यायिक सक्रियता एवं मानवाधिकारों की सुरक्षा पर लेक्चर का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ.अभिषेक तिवारी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए की गई। सेशन की मुख्य अतिथि प्रो.प्रीति मिश्रा, अधिष्ठाता एवं प्रोफेसर बीबीएयू लखनऊ रहीं। उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवाधिकार न केवल एक कानूनी अधिकार है, बल्कि यह हर व्यक्ति की गरिमा और सम्मान का प्रतीक भी है। इसके पश्चात न्याय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समानता सुनिश्चित करने के लिए न्याय रूढ़िवादिता से मुक्त होना चाहिए। इस लेक्चर का उद्देश्य मानवाधिकारों की रक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रो.प्रीति मिश्रा ने मानवाधिकार से संबंधित विभिन्न केस स्टडीज को प्रस्तुत किया गया। जिससे दर्शकों को भारत में मानवाधिकारों और न्यायिक व्यवस्था के संबंधों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो.बीडी सिंह, विधि संकाय, दिवतीय परिसर के निर्देशक प्रो.आरके सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, प्रो बोनो क्लब अध्यक्ष डॉ.आलोक कुमार यादव, डॉ.भावना सिंह तथा अन्य फैकल्टी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। लेक्चर के अंत में विधिक सहायता केंद्र की उपाध्यक्ष डॉ.भावना सिंह ने सभी अतिथियों तथा उपस्थित छात्रों का आभार व्यक्त किया तथा व्याख्यान का समापन किया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए हिंसा के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल ने 16 दिनों के सक्रियता अभियान का समापन किया, जोकि संयुक्त राष्ट्र की एक वैश्विक पहल एकजुट है के तहत बीरबल साहानी हॉल में विवि की अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं के साथ समावेश की ओर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। विधि संकाय में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने पर नागरिक समाज संगठन प्रवाह द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मालूम हो कि लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिनों का सक्रियता अभियान एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय अभियान है, जो 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस से शुरू होता है और 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर समाप्त होता है। सत्र के दौरान विवि की अंतर्राष्ट्रीय छात्रा, श्रीलंका की थस्मिनी ने कहा, उनके घर में उन्हें अपने पिता और भाई से अनुमति लेनी पड़ती है लेकिन अपने बच्चों के लिए वह निर्णय लेने में बराबर की भागीदार बनना चाहती हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने आस-पास क्या हो रहा है, इसके बारे में अच्छी तरह जानती हैं। श्रीलंका की एक अन्य छात्रा थिलिनी यापा, जो अपने देश में मीडिया क्षेत्र में काम करती हैं। उन्होंने कहा कि वह दफ्तर से देर रात को घर लौटती थीं लेकिन उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वह एक लड़की हैं और वह देर रात को बाहर नहीं निकल सकतीं, जिससे यह उजागर होता है कि उनका देश काफी सुरक्षित है। ताजिकिस्तान की एक अन्य छात्रा इंतिज़ोर सुल्तानननोरोवा ने लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, उनके देश में उन्हें लगता है कि बड़े पैमाने पर पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाता है, शायद यूरोप के करीब होने के कारण स्थानिक लाभ के कारण। इंटरैक्टिव सत्र का समंवयन बीरबल साहनी हॉल की प्रोवोस्ट डॉ.मनीषा शुक्ला और सहायक प्रोवोस्ट डॉ.तनुका चटर्जी ने किया और नुक्कड़ नाटक का समंवयन विधि संकाय की डॉ.सोनाली रॉय ने किया। प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो.रोली मिश्रा ने बताया कि लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की एक पहल है और 2020 में अपनी स्थापना के बाद से यह प्रकोष्ठ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, सम्मानजनक दृष्टिकोण, सुरक्षित परिसर, महिलाओं का सम्मान करने, परिसर को अधिक समावेशी बनाने से संबंधित मुद्दों को उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

नुक्कड़ नाटक कर सामाजिक सरोकार पर डाला प्रकाश

लखनऊ। लविवि के जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल ने 16 दिनों के सक्रियता अभियान का समापन मंगलवार को हुआ, जो कि संयुक्त राष्ट्र की एक वैश्विक पहल यूनाइट है, जिसके तहत बीरबल साहनी हॉल में विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं के साथ समावेश की ओर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। विधि संकाय में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने पर नागरिक समाज संगठन प्रवाह द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बता दें कि लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिनों का सक्रियता अभियान एक वार्षिक अंतरराष्ट्रीय अभियान है, जो 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस से शुरू होता है और 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस पर समाप्त होता है। सत्र के दौरान विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय छात्रा, श्रीलंका की थस्मिनी ने कहा कि उनके घर में उन्हें अपने पिता और भाई से अनुमति लेनी पड़ती है लेकिन अपने बच्चों के लिए वह निर्णय लेने में बराबर की भागीदार बनना चाहती हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने आसपास क्या हो रहा है, इसके बारे में अच्छी तरह जानती हैं।

LOKSATYA PAGE 3

नुक्कड़ नाटक से किया जागरुक

लखनऊ, लोकसत्य। जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल ने सामाजिक उत्थान के लिए काम करने वाली एक गैर सरकारी संस्था प्रवाह के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के विधि संकाय के लॉ गार्डन में एक नुक्कड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम में कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं को वस्तु के रूप में देखना, बालिका शिक्षा आदि सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला गया। नाटक में प्रो. प्रीति मिश्रा, डीन और विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, बीबीएयू, लखनऊ, प्रो. बीडी. सिंह, विभागाध्यक्ष और डीन, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) आर.के. सिंह, निदेशक, द्वितीय परिसर, प्रो. राजकुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. आलोक यादव, डॉ. भानु प्रताप, डॉ. सोनाली रॉय, डॉ. राधेश्याम, डॉ. ऋचा सक्सेना, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. रूपम लाल हौलाडर, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. ललित किशोर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। नाटक में मानवाधिकारों के उल्लंघन की विविधता को दर्शाया गया।